दिनांक 9 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 से वार्ड क्रमांक 25 तक के सर्वे का कार्य पूर्ण होने उपरांत दावा आपत्ति का प्रकाशन

भिलाईनगर। राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत निकाय क्षेत्र में पट्टा बनाने का कार्य प्रगति पर है। सर्वे कार्य पूर्ण होने के उपरांत दावा आपत्ती का प्रकाशन भी किया जा रहा है। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत जोन क्रं 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 20 से वार्ड क्रं. 25 तक के सर्वे में सम्मिलित रहवासियों की सूची जारी की जा चुकी है। जिसके दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 12 मार्च को है! इसकी सूची पानी टंकी जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर के जोन कार्यालय में प्रकाशित किया गया है। जिस किसी भी नागरिक को दावा-आपत्ति करना है वह जोन क्रं. 03 कार्यालय के राजस्व विभाग में सम्पर्क कर सूची का अवलोकन कर दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति का निर्धारित समय निकल जाने के बाद इस संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार/कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा! राजीव गांधी आश्रय योजना के अन्तर्गत 30 वर्षीय नवीन पट्टा को उपलब्ध कराने हेतु निगम भिलाई प्रयासरत है।